भोले शंकर मैं तुम्हारा लगता नहीं कोई

भोले शंकर मैं तुम्हारा,
लगता नही कोई,
पर जितना किया तुम ने,
करता नही कोई,
भोले शंकर मैं तुम्हारा,
लगता नहीं कोई,
पर जितना किया तुम ने,
करता नही कोई……..

जब जब भी दिल ये मेरा,
उदास होता है,
तू मेरे पास खड़ा,
अहसास होता है,
ढूँढा तेरे जैसा भोले,
मिलता नही कोई,
भोले शंकर मैं तुम्हारा,
लगता नहीं कोई,
पर जितना किया तुम ने,
करता नही कोई…….

कोई भी मुसीबत को,
ना पास भटकने दे,
बेटे की अंखियों से,
ना आंसू टपकने दे,
जज्बा तेरे जैसा बाबा,
रखता नहीं कोई,
भोले शंकर मैं तुम्हारा,
लगता नही कोई,
पर जितना किया तुम ने,
करता नही कोई……..

जब जब भी पुकारू मैं,
जब भी फरियाद करू,
मुझे ऐसा लगता है,
तुमको नाराज करू,
वो गलती करता हूं जो,
करता नही कोई,
भोले शंकर मैं तुम्हारा,
लगता नही कोई,
पर जितना किया तुम ने,
करता नही कोई….

बनवारी प्यार मेरा,
पहचानता नही,
मेरी गोद में बैठा है,
तू जानता नही,
गोदी में किसी को यूं ही,
रखता नही कोई,
ये मत कहना तू मेरा,
लगता नही कोई,
भोले शंकर मैं तुम्हारा,
लगता नहीं कोई,
पर जितना किया तुम ने,
करता नही कोई.....

भोले शंकर मैं तुम्हारा,
लगता नही कोई,
पर जितना किया तुम ने,
करता नही कोई,
भोले शंकर मैं तुम्हारा,
लगता नहीं कोई,
पर जितना किया तुम ने,
करता नही कोई....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30207/title/bhole-shankar-main-tumhara-lagta-nahi-koi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |